पंजाब केसरी 09/10/2022

17 सितम्बर से 8 अक्तूबर तक चली नाट्य कार्यशाला का समापन

नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार व कार्यक्रम में मौजूद मुख्यअतिथि और अन्य। (देवदत्त)

अम्बाला छावनी, 8 अक्तूबर (कोचर): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में 17 सितम्बर से 8 अक्तूबर तक आयोजित नाट्य कार्यशाला का समापन हुआ। इस मौके पर कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा (चंडीगढ़) की अधिकारी तान्या जी.एस. चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. वी.के. जैन द्वारा की गई। जबकि डा. के.के. पूनिया विशेष रूप से आमंत्रित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मंच संचालन डीन युवा एवं सांस्कृतिक डा. राजेंद्र देशवाल ने किया। प्राचार्य डा. वी.के. जैन ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मंच से व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास होता है। जो विद्यार्थी इस नाट्य कार्यशाला में भाग ले रहे हैं, वह बधाई के पात्र है। नाट्य कार्यशाला के निदेशक अशोक लहरी ने मुख्यातिथि को धन्यवाद किया।

इस मौके पर कालेज के कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, डा. रितु गुप्ता, डा. सरोज, टी.एस. दुग्गल व नरेश शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।